**Regarding Poorvanchal Express-way**

श्री कमलेश पासवान **(बासगाँव):** सभापति महोदय, हमारे यहां पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे बनकर पिछले दो वर्षों से चल रहा है । हमारे यहां एक ही सड़क गोरखपुर से लखनऊ जाने के लिए होती थी । पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते लखनऊ जाने की दूरी कम हो गई और वहीं दूसरी तरफ भीड़ भी कम हो गई ।

सभापति जी, मैंने आदरणीय मंत्री जी से भी आग्रह किया था और दो-तीन बार मैं इस बात को सदन में भी उठा चुका हूं । अगर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को देवरिया, गजपुर, खजनी, बासगांव होते हुए खजनी से जोड़ दिया जाए, तो निश्चित तौर पर यह सड़क लोगों आवागमन के लिए हो जाएगी और लगभग 50 लाख लोगों के लिए लखनऊ की दूरी भी कम हो जाएगी और ट्रैफिक भी कम हो जाएगा ।

माननीय सभापति **:** श्री एस.आर. पार्थिबन : उपस्थित नहीं ।

डॉ. रामशंकर कठेरिया जी ।